बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda *क्षेत्रीय कार्यालय (नई दिल्ली)*

अधीनस्थ स्टाफ की भर्ती (2016)

बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय (नई दिल्ली), 8वीं मंजिल, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001, बैंक की सेवाओं में अधीनस्थ कैडर में पूर्णकालिक सफाई कर्मचारी -सह- चपरासी/चपरासी की रिक्तियों के लिए निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित करता है:-

राज्य/यूटी	पद	SC	ST	OBC	UR*	कुल	श्रेणीवार विवरण			
							EXS	VI	HI	OH
उत्तर प्रदेश (एनसीआर)	सफाई कर्मचारी - सह- चपरासी	02	00	06	12	**20**	05	00	00	01
उत्तर प्रदेश (एनसीआर)	**चपरासी**	00	00	00	02	**02**	00	00	00	00

संक्षेपण: *SC* – अनुसूचित जाति, *ST* – अनुसूचित जनजाति, *OBC* – अन्य पिछड़ा वर्ग, *UR* – अनारक्षित, *OH* – शारीरिक रूप से विकलांग, *VI* – दृष्टिदोष से पीड़ित, *HI* – सुनने में अक्षम, *EXS* – भूतपूर्व-सैनिक।

अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को बैंक की प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप जिले/लों में किसी भी रिक्ति के विरुद्ध पदस्थापित किया जा सकता है।

*** SC/ST/OBC श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थी भी अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे में अनारक्षित श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए लागू दिशानिर्देश लागू होंगे।**

आरक्षण सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार दिया जाएगा।

पात्रता मानदंड:-

उम्र:-

22.11.2016 को अभ्यर्थी की उम्र कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए लेकिन 26 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। SC/ST/OBC/PWD/भूतपूर्व-सैनिक अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार उच्च उम्र सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।

उच्च उम्र सीमा में छूट

क्रम सं.	श्रेणी	उम्र सीमा में छूट
1	सामान्य (अनारक्षित)	कुछ नहीं
2	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एससी/एसटी	5 वर्ष
3	अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर)	3 वर्ष
4	विकलांग व्यक्ति (PWD)	10 वर्ष
5	विधवा, तलाकशुदा महिला और कानूनी रूप से अपने पति से अलग रहने वाली महिला, जिसने पुनर्विवाह नहीं किया है	9 वर्ष
6	पूर्व-सेवाकर्मी/ विकलांग भूतपूर्व-सैनिक	रक्षा बलों में प्रदान की गयी सेवा की वास्तविक अवधि + 3 वर्ष (SC/ST से संबंधित भूतपूर्व-सैनिकों के लिए 8 वर्ष) जो 50 वर्ष की न्यूनतम उम्र सीमा के अधीन है
7	1.1.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में बसे सामान्य व्यक्ति	5 वर्ष
8	1984 के दंगों से प्रभावित व्यक्ति	5 वर्ष
9	भोपाल की यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के सेवामुक्त नियमित कर्मचारी (केवल मध्य प्रदेश राज्य के लिए लागू)	5 वर्ष

नोट:

(i) SC/ST/OBC अभ्यर्थियों के लिए उच्च उम्र सीमा में छूट संचयी आधार पर शेष श्रेणियों में केवल एक के साथ अनुमत है जिसके लिए उम्र में छूट की अनुमति है।

(ii) निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा यानी 26 वर्ष सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए लागू है।

शैक्षणिक योग्यता:

- **दसवीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण।**
- अभ्यर्थी स्थानीय मातृभाषा में पढ़ने और लिखने में सक्षम होना चाहिए। अंग्रेजी की जानकारी रखने वाले को अतिरिक्त महत्व दिया जाएगा।

आवेदन शुल्क:

देय आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क निम्नानुसार होंगे:

> SC/ST/PWD/EXSM अभ्यर्थियों के लिए 100/- रुपये

> अन्य सभी के लिए 400/- रुपये

भुगतान की विधियां:

1. **ऑनलाइन भुगतान (क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग)** - आवेदन शुल्कों/सूचना शुल्कों के **ऑनलाइन भुगतान** के लिए बैंक लेनदेन शुल्क का भार **अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जाएगा।**

2. **ऑफलाइन भुगतान (बैंक ऑफ बड़ौदा चालान)** - ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन पूरा करने पर, यह शुल्क के भुगतान (***बैंक ऑफ बड़ौदा चालान***) के लिए एक भुगतान-पर्ची निर्गत करता है। शुल्क जमा करने के लिए केवल इस भुगतान-पर्ची का उपयोग किया जाएगा जिससे शुल्क को बैंक के खाते में सही तरीके से जमा किया जाना संभव होगा। इस भुगतान-पर्ची के साथ **किसी भी नजदीकी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में जाएं** और केवल इस स्वतः-निर्गत भुगतान-पर्ची का उपयोग करके आवश्यक राशि शाखा में जमा कराएं।

वेतन और भत्ते:

9,560/- रुपये - 18,545/- रुपये + DA + HRA + अन्य भत्ते लागू होने के अनुसार।

चयन प्रक्रिया:

चयन केवल योग्यता के आधार पर परीक्षा की विधि (ऑनलाइन) के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा की संरचना ऑनलाइन पूरी की जाएगी जो इस प्रकार होगी:

क्रम सं.	टॉपिक/विषय	कुल अंक	न्यूनतम अर्हता अंक	कुल समय
1	स्थानीय भाषा की जानकारी	30	12	2 घंटे
2	अंग्रेजी भाषा की जानकारी	10	4	
3	बैंकिंग सहित सामान्य जानकारी	20	8	
4	प्रारंभिक गणित/ अंकीय योग्यता	20	8	
5	मनोमितीय परीक्षा	20	8	
कुल योग		**100**	**40**	

*प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार ***SC/ST*** श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को प्राप्तांकों में ***5%*** की छूट स्वीकार्य होगी।

अंग्रेजी भाषा की जानकारी को छोड़कर उपरोक्त परीक्षाएं दो भाषाओं यानी अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध होंगी।

बैंक परीक्षा की संरचना को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जिसकी सूचना इसकी वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी। परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी एक सूचना पुस्तिका में दी जाएगी जो कॉल लेटर के साथ अभ्यर्थियों को भेजी जाएगी / बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध होगी।

अस्वीकरण:

चयन के किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा गलत जानकारी देने की घटनाओं और/या प्रक्रिया के उल्लंघन का पता चलने पर, अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से अयोग्य करार देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और उसे भविष्य में बैंक की किसी भी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर इस तरह की घटनाओं का पता मौजूदा चयन प्रक्रिया के दौरान नहीं चल पाता है लेकिन बाद में इनका पता चलता है तो इस तरह की योग्यता पूर्वव्यापी प्रभाव के साथ लागू होगी। बैंक कोई भी कारण बताए बिना इस भर्ती प्रक्रिया के संचालन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

इस भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी सभी बातों के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और यह सभी अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा।